# राधा रानी का जन्मदिन आया धूम मचाएंगे भजन लिरिक्स

राधा रानी का जन्मदिन,
आया धूम मचाएंगे,
आया है आज आया है,
चारों ओर ही मंगल छाया है,
लाडो प्यारी का जन्मदिन आया,
कि नाचे गाएंगे।bd।

तर्ज – मेरी लगी श्याम संग।

---

वृषभानु जी के भवन में,
खुशियां हैं छाई,
देने बधाई बृज सखियां आई,
कहे मैया से लेकर,
आज बधाई जाएंगे,
राधा रानी का जनमदिन,
आया धूम मचाएंगे।bd।

---

बरसाने की आज है शान नयारी,
जगमग है आज गलियां सारी,
लेकर फूलों की माला आज,
भवन को सजाएंगे,
राधा रानी का जनमदिन,
आया धूम मचाएंगे।bd।

---

ब्रज मंडल मैं है आनंद छाया,
सखियों ने मंगल गान है गाया,
जनमी है लाली आज,
सभी को बताएंगे,
राधा रानी का जनमदिन,
आया धूम मचाएंगे।bd।

---

देव लोक में भी बाजे बधाई,
मंगलाचार की धुन है गाई,
“श्याम” राधा जन्म के गीत,
हम सब गाएंगे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

राधा रानी का जन्मदिन,
आया धूम मचाएंगे,
आया है आज आया है,
चारों ओर ही मंगल छाया है,
लाडो प्यारी का जन्मदिन आया,
कि नाचे गाएंगे।bd।

लेखन एवं स्वर – घनश्याम मिड्ढा।
भिवानी (हरियाणा) 9034121523